हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, गुरूवार, 30 अप्रैल 2026
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

बनारस और अयोध्या की तर्ज पर शिवरीनारायण महानदी तट पर चल रही दिव्य महाआरती
4



## खबर संक्षेप

### ज्ञान भारतम सर्वेक्षण 15 तक, बनें भागीदार

**जांजगीर-चांपा।** भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा देशभर में ज्ञान भारतम राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वेक्षण संचालित किया जा रहा है। इस महत्त्वपूर्ण पहल का उद्देश्य देशभर में बिखरी अमूल्य पांडुलिपियों की पहचान, दस्तावेजीकरण और संरक्षण सुनिश्चित करना है। यह सर्वेक्षण उन पांडुलिपियों को खोजने और सूचीबद्ध करने का प्रयास है, जो वर्तमान में परिवारों, मंदिरों, मठों, संस्थानों या निजी संग्रहों में सुरक्षित है, लेकिन अभी तक औपचारिक रूप से सर्वेक्षित नहीं हो पाई हैं। कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए मठ, मंदिर, चिकित्सक, साहित्यकार, जन प्रतिनिधियों सहित आम नागरिकों से इस अभियान में सहयोग करते हुए हस्तलिखित पांडुलिपि के बारे में जानकारी देने की अपील की। उन्होंने कहा पांडुलिपि की सिर्फ बुनियादी जानकारी साझा करनी होगी, जबकि मूल दस्तावेज सुरक्षित उनके पास ही रहेंगे और मौके पर ही उनकी डिजिटल स्कैनिंग या प्रतिलिपि तैयार की जाएगी। कलेक्टर ने कहा कि आने वाली पीढ़ियों के लिए इस अमूल्य विरासत को संरक्षित किया जा सके और शोधकर्ताओं को भी इसका लाभ मिल सके। उन्होने कहा कि 15 जून तक सर्वेक्षण अभियान संचालित किया जाएगा। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर संदीप सिंह ठाकुर, सहायक संचालक जनसंपर्क जरीफ खान सहित मीडिया संस्थानों के प्रतिनिधि एवं संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### दोपहर में पशुओं के उपयोग पर प्रतिबंध

**जांजगीर-चांपा।** जिले में लगातार बढ़ रही भीषण गर्मी को देखते हुए कलेक्टर ने पशुओं के प्रति क्रूरता रोकने के लिए आदेश जारी किया है। कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने आदेश जारी कर दोपहर 12 बजे से 3 बजे के बीच पशुओं का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित किया है। वर्तमान में तापमान 37 डिग्री सेल्सियस से अधिक बना हुआ है। ऐसे में पशुओं का उपयोग सवारी, बोझा ढोने या अन्य कार्यों में करने से उनके बीमार होने या मृत्यु का खतरा बढ़ जाता है। इसी को ध्यान में रखते हुए "पशुओं पर क्रूरता निवारण नियम 1965" के नियम 6(3) के अंतर्गत यह प्रतिबंध लागू किया गया है।आदेश का उल्लंघन करने वालों पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### 3 मई को होगा नीट दिशा निर्देश जारी

**जांजगीर-चांपा।** रष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा नीट (यूजी) का आयोजन 3 मई रविवार को विभिन्न परीक्षा केंद्रों में किया जाएगा। परीक्षा के सुचारु संचालन एवं अनुशासन बनाए रखने के लिए परीक्षार्थियों हेतु विस्तृत समय-सारणी और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। जारी सूचना के अनुसार परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र पर प्रातः 11 बजे से रिपोर्ट करना होगा, जबकि केंद्र में अंतिम प्रवेश का समय दोपहर 1:30 बजे निर्धारित किया गया है। 1:30 बजे के बाद किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। परीक्षार्थियों को अपने प्रवेश पत्र में दिए गए सभी निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा। साथ ही परीक्षा केंद्र पर दो पासपोर्ट साइज रंगीन फोटो, एक पोस्टकार्ड साइज फोटो तथा एक वैध फोटोयुक्त पहचान पत्र आधार कार्ड, पैन कार्ड, पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस या वोटर आईडी मूल रूप में लाना अनिवार्य रहेगा।इसके अलावा परीक्षा केंद्र में मोबाइल फोन, ब्लूटूथ, स्मार्ट वॉच, कैलकुलेटर, पेनड्राइव, हैंडबैग, पर्स, खाने-पीने की सामग्री, बेल्ट, आभूषण सहित किसी भी प्रकार की इलेक्ट्रॉनिक या धातु की वस्तु ले जाना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

## दसवीं में दो छात्र व बारहवीं में एक छात्रा ने टॉप टेन में जगह बनाकर बढ़ाया जिले का मान

**हाईस्कूल में 12 तो हायर सेकेण्डरी के ओवर ऑल रिजल्ट में 7 फीसदी की आई गिरावट**

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

माध्यमिक शिक्षा मंडल ने बुधवार 29 अप्रैल को बोर्ड परीक्षा के परिणाम घोषित किए। जांजगीर चांपा जिले से बोर्ड के टॉप टेन में 3 विद्यार्थी ही स्थान बना सके। कक्षा दसवीं में 2 छात्र तो बारहवीं में 1 छात्रा ने मेरिट सूची में अपना स्थान बनाकर जिले का मान बढ़ाया। इसके अलावा ओवर ऑल रिजल्ट में भारी गिरावट आई है। पिछले वर्ष की तुलना दसवीं का परीक्षा परिणाम 12 फीसदी कम हुआ है, वहीं बारहवीं के रिजल्ट में 7 फीसदी गिरावट आई है।

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा जारी की गई मेरिट सूची में जिले में कक्षा 12वीं में खुशबु देवांगन 96.40 प्रतिशत अंक के साथ पूरे प्रदेश 10 वां स्थान एवं कक्षा 10वीं में नैतिक गौतम ने 98 प्रतिशत अंक के साथ पूरे प्रदेश 7 वां एवं लोकेश राठौर ने 97.67 प्रतिशत अंक के साथ पूरे प्रदेश 9 वां स्थान प्राप्त किया। खुशबु देवांगन सरस्वती शिशु मंदिर हायर सेकेण्डरी स्कूल चांपा, नैतिक गौतम एवं लोकेश राठौर विवेकानंद हायर सेकेण्डरी स्कूल जांजगीर के विद्यार्थी है। इधर ओव्हर ऑल परीक्षा परिणाम पर नजर डाली जाए तो बारहवीं में 65.73 प्रतिशत छात्र छात्राएं सफल हुए है। बारहवीं में जिले में कुल 10 हजार 178 विद्यार्थी शामिल हुए थे। इनमें से 6 हजार 685 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए है। वहीं दसवीं में 59.90 प्रतिशत छात्र छात्राओं को सफलता मिली है। दसवीं बोर्ड परीक्षा में जिले से शामिल कुल छात्र छात्राओं की संख्या 13 हजार 272 रही, जिसमें से 7 हजार 931 छात्र छात्राएं उत्तीर्ण हुए है। उल्लेखनीय है कि पिछले साल वर्ष 2024-25 में बारहवीं में 72.45 प्रतिशत तो दसवीं में 71.98 प्रतिशत विद्यार्थी सफल हुए थे। इस तरह से अबकी बार बारहवीं के परीक्षा परिणाम में जहां 7 प्रतिशत की गिरावट आई है तो वहीं दसवीं का रिजल्ट 12 प्रतिशत कम हुआ है।


परिणाम घोषित होने के बाद खुशबु का मुंह मीठा कराते परिजन

### मां के संघर्ष ने बेटी को सफलता के मुकाम तक पहुंचाया

बारहवीं बोर्ड के टॉप टेन में जिले की बेटी खुशबु देवांगन ने छत्तीसगढ़ के टॉप टेन में जगह बनाई है। सामान्य बुनकर परिवार की बेटी ने संघर्ष के बीच यह मुकाम हासिल किया है। पिता का साया बचपन में ही सिर से उठ गया था। इसके बाद मां रेणुका देवांगन ने चाम्पा में अपने भाइयों के साथ मिलकर परम्मपरागत बुनकरी का काम कर परवरिश की। खुशबु ने भी मां की मेहनत का पुरा सम्मान करते हुए कड़ी मेहनत की और 96.40 प्रतिशत अंक हासिल कर सफलता का परचम लहराया। उन्होंने प्रदेश की मेरिट सूची में दसवा स्थान प्राप्त किया है। सरस्वती शिशु मंदिर चाम्पा के वाणिज्य की छात्रा खुशबु देवांगन ने टॉप टेन में स्थान बनाकर जिले का मान बढ़ाया है। खुशबु आगे चलकर कोसा बुनकरी व्यवसाय के क्षेत्र में भविष्य बनाना चाहती है, और अपने परिवार के साथ समाज का नाम रोशन करना चाहती है। खुशबु का कहना है कि दसवीं में 93 प्रतिशत मिले थे लेकिन मेरिट में आने से चूक गई थी। बारहवीं में टॉप टेन में आने सत्र की शुरूआत से ही मेहनत की। प्रतिदिन 5 से 6 घंटे नियमित अध्ययन किया। घरवालों ने भी पूरा साथ दिया, जिससे यह सफलता मिल सकी।

### 12वीं की एक मात्र छात्रा बनी टॉपर, 10वीं की मेरिट सूची से सक्ती जिले का नाम गायब

**सक्ती-हसौद।** माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा जारी किए गए बोर्ड परीक्षा की मेरिट सूची में सक्ती जिले से बारहवीं की एक मात्र छात्रा ने जगह बनाई है। वहीं दसवीं की मेरिट सूची में सक्ती जिले का माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा बुधवार 29 अप्रैल को जारी की गई मेरिट सूची के अनुसार शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल हसौद की छात्रा दुनिशा साहू पिता सुरेश साहू को टॉप टेन में 10वां स्थान मिला है। दुनिशा के पिता पास के गांव भेडीकोना में किराना की छोटी दुकान चलाते है। कुछ खेती बाडी भी है। मध्यम वर्गीय परिवार की बेटी दुनिशा 4 बहनों ओर 1 भाई में दूसरे नंबर की है। वह पढ़ लिखकर टीचिंग के क्षेत्र में जॉब करना चाहती है।



### ऑपरेशन से निकलते ही नैतिक को मिली टॉप टेन में आने की जानकारी



विवेकानंद स्कूल जांजगीर के कक्षा 10वीं के छात्र नैतिक गौतम ने बोर्ड की मेरिट सूची में सातवां स्थान प्राप्त किया है। बुधवार 29 अप्रैल को जब बोर्ड परीक्षा का रिजल्ट आया तो नैतिक गौतम का कोरबा के एक अस्पताल में कान का ऑपरेशन चल रहा था। ऑपरेशन के बाद जैसे ही वह बाहर आया, उसे दसवीं की बोर्ड परीक्षा में टॉप टेन में आने की जानकारी मिली। नैतिक के पिता प्राइवेट जॉब करते है और माता प्राइवेट स्कूल में शिक्षिका है।

### सफलता के लिए नियमित अध्ययन जरूरी



जिले में दसवीं बोर्ड की परीक्षा में महिला शिक्षक के पुत्र ने अपना स्थान बनाया है जांजगीर के विवेकानंद हायर सेकेंडरी स्कूल में कक्षा दसवीं में अध्यनरत लोकेश राठोर पिता हर नारायण राठौर माता श्रीमती सुषमा राठौर जो भोजपुरी मिडिल स्कूल चांपा में पदस्थ है। लोकेश राठौर ने दसवीं बोर्ड की परीक्षा में 97. 67 फ़ीसदी प्रतिशत प्राप्त किया है। उनका कहना है कि सफलता प्राप्त करने के लिए नियमित रूप से अध्ययन जरूरी है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपनी माता एवं पिता के साथ-साथ मामा एवं गुरूजनों को दिया है। आगे चलकर लोकेश इंजीनियर बनना चाहते हैं।

## गला दबाकर पत्नी की हत्या आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे



जांजगीर चांपा। पति का किसी अन्य महिला से अवैध संबंध होने की शंका को लेकर मारपीट एवं उसके बाद पत्नी की गला दबाकर हत्या करने के मामले में आरोपी पति को गिरफ्तार किया है। घटना बलौदा के वार्ड क्रमांक 9 की है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार नवविवाहिता श्रीमति ललिता मिरी की करेंट की चपेट में आने से मृत्यु होने की सूचना मृतिका की पति आरोपी द्वारा दिए जाने की सूचना पर थाना बलौदा में मर्ग इंटीमेशन कायम कर जांच पंचनामा कार्यवाही में लिया जाकर शव का डाक्टर साहब से पोस्टमार्टम कराया था। नवविवाहिता की मृत्यु की घटना को गंभीरता को मद्देनजर रखते हुए प्रभारी पुलिस अधीक्षक पुलिस श्रीमती निवेदिता पाल के निर्देशन में तथा एएसपी उमेश कुमार कश्यप के मार्गदर्शन में पुलिस द्वारा मृतिका की परिजनों एवं उसके पति से पूछताछ किया गया। पूछताछ के दौरान पता चला कि आरोपी पति का किसी अन्य महिला से अवैध संबध होने की अंदेशा होने पर उसी बात को लेकर मृतिका के पति द्वारा मृतिका को आये दिन मारपीट झगडा लड़ाई करना। इसी के चलते 28-29 अप्रैल की रात महेन्द्र मिरी के द्वारा हत्या करने की नियत से उसके गला को दबाकर हत्या करना और बाथरूम में ले जाकर पानी गरम करने वाले राड से बाल्टी मे पानी भरकर उसी मे मृतिका के सिर एंव हाथ को रखना और इस प्रकार मृतिका के हत्या करना पाए जाने से हत्या का मामला दर्ज किया गया। विवेचना दौरान आरोपी महेन्द्र मिरी न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया।

### विभिन्न मांगों को लेकर प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन

**सरिया।** शासकीय आईटीआई में विभिन्न समस्याओं को लेकर एनएसयूआई ने प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा है और शीघ्र निराकरण करने की मांग की है। अन्यथा उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। सरिया के शासकीय आईटीआई में विभिन्न समस्याओं को लेकर एनएसयूआई ने प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा है। प्राचार्य को सौंपे गए ज्ञापन में एनएसयूआई ने कहा है कि यहां विभिन्न ट्रेडों में पुराने उपकरणों से तकनीकी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जो उचित नहीं है। नए एवं अपडेट मशीनरी एवं तकनीकी से प्रशिक्षण दी जाए। साथ ही साथ यहां छात्र-छात्राओं को कंप्यूटर शिक्षा में भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

## खेलते-खेलते तालाब पहुंच गईं जुड़वा बहनें, डूबने से दोनों की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ लवसरा

सक्ती जिले के लवसरा गांव में तालाब में डूबने से दो जुडवा बहनों की मौत हो गई। बताया जाता है कि दोनों मासूम बहनें खेलते खेलते तालाब पहुंच गई और गहरे पानी में डूब जाने से दोनों की मौत हो गई। जहां डूबने से उनकी मौत हो गई।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बाराद्वार थाना अंतर्गत ग्राम लवसरा निवासी दादू सिदार की बेटी दिव्या और दीप्ति दोनों की उम्र करीब 6 वर्ष बुधवार 29 अप्रैल को सुबह करीब 9:30 बजे बैगिन तालाब में नहाने के दौरान खेलते खेलते गहरे पानी में चले गए। आसपास मौजूद लोगों को जब तक स्थिति का अंदाजा हुआ, तब तक काफी देर हो चुकी थी। ग्रामीणों ने दोनों को बचाने की कोशिश की, लेकिन तब तक बच्चियां डूब गई थी। ग्रामीणों की मदद से दोनों बच्चियों को तुरंत तालाब से बाहर निकाला गया और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सक्ती ले जाया गया। डॉक्टरों ने जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है।



## जमीन विवाद को लेकर जमकर मारपीट, तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जमीन विवाद को लेकर मारपीट मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। मामला पामगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम चण्डीपारा का है।

पामगढ पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी चन्द्रशेखर सिंह ने 10 अप्रैल को थाना पामगढ़ में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनके जमीन विवाद की रंजिश के चलते आरोपियों ने एकजुट होकर रात्रि में घर अंदर जबरन घुसकर गाली -गलौज करते हुए मारपीट की। पामगढ़ पुलिस ने तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार भेजा गया न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। पुलिस ने चण्डीपारा निवासी रवि बैस 33 वर्ष, संदीप बैस उम्र 36 वर्ष, संतोष बैस 56 वर्ष के विरुद्ध धारा 331 (6), 296, 351 (3), 115(2), 3(5), 324(3) के तहत कार्यवाही कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।


पकड़े गए आरोपी।

## अफसरों ने दी दबिश, नगरदा गैस एजेंसी में मिली भारी अनियमितताएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

सक्ती जिले के नगरदा गैस एंजेसी मे खाद्य निरीक्षक सक्ती, खाद्यनिरीक्षक मालखरौदा, एवं खाद्य निरीक्षक जैजैपुर के संयुक्त जांच दल द्वारा ग्राम नगरदा स्थित नगरदइंडेन ग्रामीण वितरक गैस एजेंसी की जांच की गयी।

जांच समय नगरदा इंडेन ग्रामीण वितरक गैस एजेंसी के संचालक की उपस्थित मे जांच हुए जिनका मौके पर कथन दर्ज कर पंचनामा बनाया गया। जांच समय उपस्थित नगरदा इंडेन ग्रामीण वितरक गैस एजेंसी के संचालक द्वारा अपने कथन में बताया गया की उक्त गैस एजेंसी का इंडियन ऑइल कॉर्पोरेशन लि. के साथ अनुबंध पत्र जारी हुआ है। जिसकी वैधता तिथि 30 सितंबर 2029 तक है। यह की जांच समय उपस्थित नगरदा इंडेन ग्रामीण वितरक गैस एजेंसी के संचालक द्वारा अपने कथन मे बताया गया कि 5 अप्रैल को उनके द्वारा 1 लोड 342नग घरेलू गैस सिलेंडर भरा हुआ मँगवाया गया, जिसमे से 14 अप्रैल तक कुल 320 नग घरेलु गैस सिलेंडर का वितरण गैस कनेक्शनधारियों को कर दिया गया है। नगरदा इंडेन ग्रामीण वितरक गैस एजेंसी के संचालक श्रीमती अंजुलता यादव द्वारा स्टॉक पँजी नहीं बनायी गयी है। एजेंसी परिसर पर 9 किलो के 2 नग एवं 6 किलो के 1 नग कुल 3 नग अग्निशमन यंत्र उपलब्ध पाये गये, तीनों ही अग्निशमन यंत्र की वैधता तिथि समाप्त होना पाया गया। इस मामले को लेकर खाद्य अधिकारी खुमेश्वर सिंह का कहना है कि कलेक्टर न्यायालय में अनियमितता का प्रकरण दर्ज है। लायसेंस को निरस्त या फिर अन्य कार्रवाई करते है।



## हत्या के प्रकरणों की विवेचना सुधारने आईजी ने बताई विस्तृत कार्ययोजना

**रेंज स्तरीय वर्चुअल प्रशिक्षण में शामिल हुए जिले के पुलिस अधिकारी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

हत्या के गंभीर प्रकरणों की विवेचना में वैश्विक स्तर पर सुधार को लेकर पुलिस महानिरीक्षक बिलासपुर रेंज ने विस्तृत कार्ययोजना बताई। रेंज स्तरीय वर्चुअल प्रशिक्षण में जिले के एडीशनल एसपी से लेकर सब इंस्पेक्ट तक के अधिकारी शामिल हुए।

बिलासपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक रामगोपाल गर्ग के द्वारा हत्या के गंभीर मामलों में विवेचना के स्तर को वैश्विक मानकों के अनुरूप सुधारने और न्यायालयों में सजा की दर बढ़ाने के उद्देश्य से एक विस्तृत कार्ययोजना और दिशा-निर्देश जारी करते हुए रेंज के पुलिस अधिकारियों को विस्तृत कार्ययोजना बताई। आईजी श्री गर्ग ने स्पष्ट किया है कि पुलिस का उद्देश्य केवल आरोपी की गिरफ्तारी नहीं, बल्कि उसे वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर सजा दिलाना है। इस नई रणनीति के तहत बिलासपुर रेंज के पुलिस अधिकारियों के लिए विशेष प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए गए हैं, जिसमें एक चेकलिस्ट को जारी किया गया है। अब से हत्या के हर प्रकरण के चालान में इस चेकलिस्ट का पालन अनिवार्य होगा। इसी तरह ई-साक्ष्य और नए कानूनों का अनुपालनः भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 105 के तहत अब सभी प्रकार की जप्ती 'ई-साक्ष्य' ऐप के माध्यम से वीडियोग्राफी करते हुए की जाएगी। इससे साक्ष्यों की विश्वसनीयता बढ़ेगी और गवाहों के मुकर जाने की स्थिति में भी तकनीकी साक्ष्य प्रभावी रहेंगे। सबसे महत्वपूर्ण क्राइम सीन घटनास्थल पर 'गोल्डन ऑवर' के महत्व को समझते हुए क्षेत्र को तत्काल टेप लगाकर सील किया जाएगा। फोरेंसिक, डॉग स्क्वॉड और फिंगरप्रिंट विशेषज्ञों की उपस्थिति में ही साक्ष्य संकलन होगा। किसी भी साक्ष्य को बिना दस्ताने के छूना प्रतिबंधित रहेगा। विवेचना में मानवीय त्रुटि को शून्य करने के लिए 124 बिंदुओं का एक प्रोटोकॉल तैयार किया गया है। इसमें एफआईआर से लेकर चार्जशीट फाइल करने तक की हर प्रक्रिया का प्रलेखन शामिल है, ताकि बचाव पक्ष को तकनीकी खामियों का लाभ न मिल सके। साथ ही उन्नत डिजिटल और साइबर फॉरेंसिकः पर जोर दिया गया।


वर्चुअल प्रशिक्षण में जानकारी देते आईजी व पुलिस अधिकारी।

## घर में घुसकर महिला से मारपीट आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

घर में घुसकर महिला एवं उसकी बहन के साथ मारपीट तथा जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार श्रीमती सुभद्रा सूर्यवंशी द्वारा थाना पामगढ़ में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि 28 अप्रैल को वह अपने मकान निर्माण कार्य के तहत छत ढलाई करवा रही थी। इसी दौरान पड़ोसी आरोपी यशवंत उर्फ छोटन सूर्यवंशी उम्र 23 वर्ष निवासी दर्री से विवाद हो गया। विवाद के दौरान आरोपी ने प्रार्थिया के घर में घुसकर कर उसके एवं उसकी बहन के साथ गाली-गलौच करते हुए मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी। निरीक्षक सावन कुमार सारथी थाना प्रभारी पामगढ़ नेतृत्व में पुलिस द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी को उसके निवास से पकड़ा जिसको हिरासत में लेकर आरोपी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 333, 296, 351(3) एवं 115(2) के तहत कार्यवाही करते हुए न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक सावन सारथी थाना प्रभारी पामगढ़ , राजेश कोशले, विजय निराला आरक्षक बेदराम पटेल थाना पामगढ़ का योगदान रहा।

## खबर संक्षेप



### बिकन स्कूल में परिणाम घोषणा पर जनप्रतिनिधियों ने बढ़ाया उत्साह

**ढेलवाडीह।** ज्ञान की देवी माँ सरस्वती पूजा कर ढेलवाडीह स्थित बिकन इंग्लिश स्कूल में नर्सरी से कक्षा 9वीं तक के विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक सत्र 2025–26 के शुभारंभ, वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषणा एवं उपस्थिति पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक प्रेमचंद पटेल उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विशेष रूप से भाजपा प्रदेश सह संयोजक (झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ) राजेश यादव, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य श्रीमती मीना शर्मा, जिला महामंत्री संजय शर्मा, विमल मानिकपुरी, मंडल अध्यक्ष जवाली श्रवण तंवर, मंडल महामंत्री समजीत सिंह, विधायक प्रतिनिधि मोहनदास, दिलीप पटेल एवं मन्नू राठौर की उपस्थिति रही। इस अवसर पर नन्हे विद्यार्थियों में उत्साह दिखा। अतिथियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा अन्य विद्यार्थियों को भी निरंतर मेहनत, लगन और समर्पण के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। विधायक प्रेमचंद पटेल ने कहा कि शिक्षा ही सफलता की कुंजी है और विद्यार्थियों को निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए। उन्होंने सभी छात्रों को लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती मीना शर्मा एवं समस्त शिक्षकगण श्रीमती शील प्रभा सोना, श्रीमती बसंती ठाकुर, श्रीमती सृष्टि देवांगन, सुश्री अन्नू मंडल, श्रीमती प्रेरणा तिवारी, सुश्री स्वेता राणा, श्रीमती रीता यादव, श्रीमती केवट, सुश्री पल्लवी डहरिया, श्रीमती सीता पटेल, श्रीमती निशा राठौर, राजेश राठौर एवं दिलबोध महंत की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### जिला पुलिस द्वारा चलाया गया अभियान दो दिनों के भीतर 76 वारंटी गिरफ्तार

**कोरबा।** जिले में अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण एवं अवैध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के तहत सजग कोरबा, सतर्क कोरबा अभियान के अंतर्गत स्थायी वारंट एवं गिरफ्तारी वारंटों की तामिली हेतु विशेष अभियान चलाया गया। 27 व 28 अप्रैल को जिला पुलिस द्वारा सघन दबिश अभियान चलाकर लंबे समय से फरार चल रहे वारंटियों को गिरफ्तार किया गया। 27 अप्रैल को 7 स्थायी वारंटी एवं 19 गिरफ्तारी वारंटी तामील किए गए, वहीं 28 अप्रैल को 19 स्थायी वारंटी एवं 24 गिरफ्तारी वारंटी तामील किए गए। इसी तरह दो दिन के भीतर 26 स्थायी वारंटी एवं 50 गिरफ्तारी वारंटी तामील कर कुल 76 वारंटियों/आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। सभी आरोपियों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहाँ से उन्हें न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। गिरफ्तार किए गए सभी आरोपी न्यायालय द्वारा पूर्व में जारी गिरफ्तारी वारंट के बावजूद लंबे समय से फरार चल रहे थे। कोरबा पुलिस द्वारा इन पर सतत निगरानी रखते हुए योजनाबद्ध तरीके से दबिश देकर गिरफ्तारी की गई।

### बालको थाना में मैत्री हेल्पलाइन पर कार्यशाला

**कोरबा।** सजग कोरबा, सतर्क कोरबा अभियान के तहत थाना बालको में मैत्री हेल्पलाइन विषय पर एक जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का संचालन उप पुलिस अधीक्षक श्रीमती प्रतिभा मरकाम के द्वारा किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों, विशेषकर महिलाओं एवं बालिकाओं को मैत्री हेल्पलाइन की जानकारी प्रदान करना तथा आपात स्थिति में त्वरित सहायता प्राप्त करने के लिए जागरूक करना था। कार्यक्रम के दौरान श्रीमती प्रतिभा मरकाम द्वारा हेल्पलाइन की उपयोगिता, पुलिस सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया, तथा महिला सुरक्षा, साइबर अपराध एवं सामाजिक अपराधों से बचाव के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने उपस्थित लोगों से अपील करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि या समस्या की जानकारी तत्काल पुलिस को दें, जिससे समय पर कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। साथ ही, पुलिस एवं जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर भी जोर दिया गया।

### पीएम आवास योजना की राशि में गड़बड़ी रोजगार सहायक पर लगा आरोप

**कोरबा।** जनपद पंचायत कोरबा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम करूमौहा के निवासी भागीरथी पिता पिला बाबू ने रोजगार सहायक पर आरोप लगाते हुए मुख्यकार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कोरबा से शिकायत की है। शिकायत में बताया गया है कि वर्ष 2019-2020 में उनके नाम पर प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत आईडी सीएच 2295967 से आवास स्वीकृत हुआ था, जिसकी कुल राशि 1 लाख 20 हजार रुपये चार किस्तों में जारी की गई। आरोप है कि ग्राम के रोजगार सहायक पवन कुमार धिरहे ने फर्जी तरीके से जियो टैगिंग कर आवास निर्माण पूर्ण दिखा दिया, जबकि वास्तविकता में आवास का कार्य आज तक प्रारंभ भी नहीं हुआ है। शिकायतकर्ता के अनुसार, रोजगार सहायक उन्हें बैंक ले जाकर किस्तों की राशि निकलवाता रहा और यह कहकर पूरी रकम अपने पास रख ली कि जब आवास स्वीकृति प्रक्रिया पूरी हो जाएगी।

# जनजातीय क्षेत्रों में सर्वेक्षण के कार्य में मिली सड़कों के अधूरे निर्माण की रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

जिले के पिछड़ी संरक्षित जनजाति क्षेत्रों में चल रहे सर्वेक्षण अभियान के अंतर्गत सड़कों के अधूरे निर्माण के साथ पीएम जनमन आवास के अधूरे रहने की रिपोर्ट टीम को मिल रही है। 27 क्षेत्रों का सर्वे किया जा रहा है। जिसमें रहन सहन के साथ शासकीय योजनाओं से जनजीवन में आ रहे बदलाव की रिपोर्ट तैयार की जा रही है।

बीते एक साल से ट्रायबल विभाग के द्वारा जिले के पिछड़े संरक्षित जनजातीय क्षेत्रों में सर्वेक्षण अभियान के तहत पहले चरण में जनजातीय युवाओं के शिक्षा का सर्वे कर उन्हें रोजगार देने की दिशा पर कार्य करते हुए शिविर लगाए गए। जिसके तारतम्य में शिक्षित जनजातीय युवाओं को जिसमें पहाड़ी कोरवा और बिरहोर जनजाति शामिल हैं इनके युवाओं को स्कूलों में भृत्य और शिक्षक के पद पर मानदेय के आधार पर पदस्थ किया गया। दूसरे सर्वेक्षण अभियान के तहत इन क्षेत्रों की शासकीय योजनाओं के तहत आ रहे बदलाव की रिपोर्ट तैयार की जा रही है। सर्वेक्षण दल के द्वारा जनजातीय क्षेत्रों का सर्वे कर मूलभूत सुविधाओं की जब रिपोर्ट लेना शुरू किया गया तब सड़कों के अधूरे निर्माण के साथ पीएम जन मन आवास के पूरे नहीं होने एवं हितग्राहियों के खाते में दूसरी किश्त नहीं आने की भी रिपोर्ट सामने आई। हालांकि विभागीय अधिकारियों के लगातार निरीक्षण में अधूरे कार्यों को पूरा करने का निर्देश दिया जा रहा है।

### 27 जनजातीय क्षेत्रों में चल रहा है सर्वेक्षण का कार्य

**खास बातें**

- मूलभूत सुविधाओं सहित योजनाओं की देखी जा रही है हकीकत



### क्षेत्र की दूरी बनी प्रमुख कारण

जिला मुख्यालय से 60 से 70 किलोमीटर दूर स्थित होने के कारण जनजातीय क्षेत्रों में चल रहे निर्माण कार्य तक निर्माण सामग्री पहुंचाना ठेकेदारों के लिए मुश्किल भरा हो रहा है। गर्मी के मौसम में पहाड़ों का जल स्तर कम होने के कारण निर्माण में लगे ठेका कंपनियों को टैंकर से पानी लाने की नौबत आ रही है। यही कारण है कि सड़क और आवास निर्माण नियत समय पर नहीं चल पा रहे हैं। आवास के लेआउट को लेकर भी अंतर होने की शिकायतें प्रशासन को दी गई है।

## फर्जी भुगतान रोकने के लिए उठाया गया कदम

# गड़बड़ी रोकने मनरेगा के श्रमिकों के बैंक खातों की हो रही केवायसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जी राम जी योजना लागू होने के बाद अब बड़े बदलाव हो रहे हैं। पूर्व में चल रही मनरेगा योजना से बने जॉब कार्ड का सत्यापन और श्रमिकों के बैंक खातों का केवायसी शुरू हो चुका है। पूर्व में हुए फर्जी भुगतान को रोकने के लिए यह कदम उठाया गया है।

**खास बात**

- जी राम जी योजना लागू होने के बाद हो रहा बदलाव

कोरबा जिले में मनरेगा के तहत एक लाख 32 हजार जॉब कार्ड धारियों के बैंक खाते खुले थे। पूर्व में मजदूरी का नगद भुगतान किए जाने में होने वाली गड़बड़ी के मद्देनजर श्रमिकों के बैंक खाते खुलवाए गए और सीधा उनके खाते में मजदूरी भुगतान की राशि भेजी जाती रही है। इसके अलावा ऐसे क्षेत्र जहां बैंकिंग व्यवस्था नहीं थी वहां बैंक सखी और बैंक मित्र के माध्यम से मजदूरी का भुगतान होता था। इसमें भी गड़बड़ियां आने की शिकायत के बाद अब राज्य शासन ने इन बैंक खातों के केवायसी कराने एवं जॉब कार्ड का भौतिक सत्यापन कराया जा रहा है। इसमें गड़बड़ियां सामने आने लगी है। कई ऐसे जॉब कार्ड थे जिनके श्रमिकों के द्वारा लंबे समय से उपयोग नहीं किया गया था। ऐसे जॉब कार्ड को भी निरस्त किया जा रहा है। शासकीय सेवकों के परिवार की भी जानकारी इस सत्यापन के द्वारा ली जा रही है। जी राम जी योजना लागू होने के बाद भौतिक सत्यापन और केवायसी शुरू होने से पंचायतों के रिकार्ड भी दुरुस्त करना अनिवार्य कर दिया गया है।


फाइल फोटो

### पंचायतों में चस्पा होगी श्रमिकों की सूची

अब जी राम जी योजना के तहत काम करने वाले श्रमिकों की सूची सार्वजनिक होगी। इससे किस पंचायत में कितने श्रमिक कितने कामों में नियोजित हैं इसकी जानकारी आम ग्रामीणों को मिल सकेगी। श्रमिकों की सूची पंचायतों की बैठक में ही पारित होगी। अब केवल जरूरतमंद लोगों को ही काम दिया जाएगा और जरूरत वाले क्षेत्रों में ही काम की स्वीकृति मिलेगी। पंचायतों से आने वाले प्रस्तावों का भी परीक्षण किया जाएगा और एक बार स्वीकृत हुए कार्य को दोबारा उस पंचायत में स्वीकृत नहीं किया जाएगा। इसके भी निर्देश पंचायतों में जारी कर दिए गए हैं।

## प्रशासन की संयुक्त टीम ने लापरवाही पर चार प्रतिष्ठानों पर लगाया 40 हजार का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

नागरिकों को सुरक्षित एवं गुणवत्ता युक्त खाद्य एवं औषधि उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कलेक्टर ने शहर सहित जिले भर के होटल-ढाबों सहित अन्य संबंधित प्रतिष्ठानों की जांच के लिए खाद्य एवं औषधि विभाग को नियमित जांच अभियान चलाने एवं गड़बड़ी मिलने पर तत्काल दण्डराशि अधिरोपित करने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर ने नियमित जांच अभियान चलाने के लिए संयुक्त जांच दल का भी गठन किया हैं जिसमें संबंधित क्षेत्र के तहसीलदार, नायब तहसीलदार, थाना प्रभारी, नगर निगम के स्वच्छता निरीक्षक एवं औषधि प्रशासन विभाग के अभिहित अधिकारी औषधि निरीक्षक एवं नमूना सहायक को शामिल किया गया है। कलेक्टर के निर्देश पर संयुक्त दल ने मंगलवार को खाद्य से संबंधित विभिन्न व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की जांच कर साफ-सफाई सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मंगलवार को टीम ने लक्ष्मी स्वीट्स की आकस्मिक जांच की तथा होटल में शासन द्वारा निर्धारित स्वच्छता मानको की अवहेलना करते पाए जाने पर 10 हजार रूपए का जुर्माना अधिरोपित किया। संयुक्त दल ने छत्तीसगढ़ बर्फ फैक्ट्री, आरूषि स्वीट्स एवं गोल्डन आईस फैक्ट्री की आकस्मिक जांच की। जांच के दौरान आइस फैक्ट्री एवं मिठाई दुकान में भारी गंदगी मिली। स्वच्छता निर्देशों की अवहेलना पर संयुक्त दल ने छत्तीसगढ़ बर्फ फैक्ट्री पर 2 हजार, आरूषि स्वीट्स के संचालक गणेश कुमार पर 25 हजार एवं गोल्डन आइस फैक्ट्री पर 3 हजार रूपए का जुर्माना अधिरोपित किया। अभिहित अधिकारी नितेश मिश्रा ने बताया कि संयुक्त टीम की कार्रवाई अनवरत जारी रहेगी।



## अवैध कोयला खनन के विरुद्ध सीआईएसएफ ने चैनपुर में चलाया जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ दीपका

एसईसीएल दीपका खनन क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) की एक संयुक्त टीम ने एसईसीएल स्टाफ एवं स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर चैनपुर गांव में विशेष जागरूकता अभियान चलाया।

अभियान के दौरान टीम ने गांव के सरपंच विनोद टिकम से भेंट कर ग्रामीणों को एकत्रित किया तथा उन्हें अवैध कोयला खनन एवं अनाधिकृत कोयला परिवहन के गंभीर कानूनी परिणामों की जानकारी दी। ग्रामीणों को समझाया गया कि एसईसीएल दीपका खनन क्षेत्र से संबंधित किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि में संलिप्तता दंडनीय अपराध है। गांव के सरपंच विनोद टिकम ने सीआईएसएफ के इस जनजागरूकता अभियान की सराहना करते हुए सुरक्षा बलों को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। साथ ही उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि क्षेत्र में किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत सुरक्षा बलों एवं प्रशासन को दें। सीआईएसएफ द्वारा चलाया गया यह अभियान क्षेत्र में अवैध खनन एवं अवैध कोयला परिवहन पर अंकुश लगाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण एवं सराहनीय पहल है। भविष्य में भी ऐसे अभियान जारी रहेंगे, जिससे क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था और अधिक मजबूत हो सके।




## विद्युत लोड की सही जानकारी देकर बिजली संकट से बचें : अम्बस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में गर्मी बढ़ने के कारण घरों तथा विभिन्न संस्थानों में कूलर और एसी का उपयोग बहुत अधिक बढ़ गया है। कई बार उपभोक्ताओं द्वारा बिजली कनेक्शन में जितना लोड रिकार्ड है उससे कई गुना अधिक उपयोग किया जा रहा है, जिसके कारण ट्रांसफार्मर के डीओ गिर रहे हैं साथ ही बार-बार फ्यूज उडने की शिकायत भी प्राप्त हो रही है परिणामस्वरूप लोगों को कई बार बिजली आपूर्ति संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

**खास बात**

- ट्रांसफार्मरों में अत्याधुनिक लोड से विद्युत आपूर्ति में हो रही समस्या

राज्य में बिजली उत्पादन तथा उसकी आपूर्ति पर्याप्त मात्रा में हो रही है, परंतु समस्या स्थानीय स्तर पर है विद्युत उपभोक्ताओं द्वारा घरों के बिजली कनेक्शन में जितना लोड ले रखा है उससे कहीं अधिक खपत किया जा रहा है, जिन घरों में कूलर और पंखे चला करते थे वहां पर अब एक नहीं दो और तीन एसी चल रहे हैं, जहां कूलर हैं वहां पर एक के स्थान पर तीन या उससे अधिक उपयोग किया जा रहा है। इस क्षमता के अनुरूप ट्रांसफार्मर स्थापित नहीं होने के कारण ट्रांसफार्मरों का फ्यूज उड़ने और उनका डीओ गिरने से लोगों को बार-बार विद्युत आपूर्ति में कठिनाईयों का सामना पड़ता है। इस समस्या से निपटने के लिए विभाग ने प्रत्येक जोन कार्यालय में कर्मचारियों को तैनात रखा है, जैसे ही सूचना मिलती है वे वहां पहुंचकर ट्रांसफार्मर में सुधार कार्य करते हैं। कई बार लोड ज्यादा होने तथा हुकिंग के माध्यम से बिजली चोरी रोकने के लिए अनेक स्थानों पर लगाए गए केबलों में अत्याधिक गर्मी और धूप के कारण केबल आपस में चिपककर शार्ट होने लगे हैं। जिसकी वजह से कई स्थानों पर केबल पर शार्ट सर्किट की वजह से तार टूट जाते हैं, परिणामस्वरूप विद्युत प्रवाह बाधित हो जाती है। बिलासपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक एके अम्बस्थ ने बताया कि आम जनता अगर अपने घरों के खपत की सही जानकारी विभाग को दे तो उसकी क्षमता के अनुसार ट्रांसफार्मर लगाकर समस्या को कम किया जा सकता है। इस संबंध में श्री अम्बस्थ ने बताया कि उपभोक्ताओं के घर के स्वीकृत लोड का आकलन हर माह किया जाता है। लगातार 3 माह तक स्वीकृत भार से अधिक बिजली बिल की खपत होने पर स्वतः ही अधिकतम बिजली भार (लोड) के अनुसार बिल जारी किया जाता है और अधिकतम भार को ही मान्य किया जाता है।


ए के अम्बस्ट

## बांकीमोंगरा पालिका अध्यक्ष ने जगन्नाथ मंदिर प्रांगण के जीर्णोद्धार हेतु किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बांकीमोंगरा



षेत्र की धार्मिक आस्था के केंद्र और सामाजिक समरसता के प्रतीक वार्ड क्रमांक 6 शांतिनगर स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। बांकीमोंगरा नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सोनी विकास झा ने मंदिर प्रांगण के जीर्णोद्धार कार्य का विधिवत भूमिपूजन किया। शांतिनगर स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर प्रांगण का जीर्णोद्धार 2.49 लाख रुपए में होगा।

भूमिपूजन के दौरान अध्यक्ष श्रीमती सोनी विकास झा ने कहा कि मंदिरों का जीर्णोद्धार न केवल हमारी संस्कृति को सहेजने का माध्यम है बल्कि यह क्षेत्र के नागरिकों के लिए एक बेहतर आध्यात्मिक वातावरण भी तैयार करता है। उन्होंने बताया कि 2.49 लाख की लागत से होने वाले इस कार्य से मंदिर प्रांगण सुव्यवस्थित होगा, जिससे यहां आने वाले श्रद्धालुओं को काफी सुविधा होगी। विकास कार्यों में जनमानस की आस्था का सम्मान करना हमारी प्राथमिकता है। जगन्नाथ मंदिर के इस जीर्णोद्धार से शांतिनगर क्षेत्र के सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों को भी गति मिलेगी। लंबे समय से मंदिर परिसर के विकास की मांग की जा रही थी, जिसे अध्यक्ष ने गंभीरता से लेते हुए स्वीकृत कराया। कार्य की शुरुआत होने पर स्थानीय निवासियों ने आभार व्यक्त किया है। इस अवसर पर भाजयुमो छत्तीसगढ़ पूर्व प्रदेश कोषाध्यक्ष विकास झा, बांकीमोंगरा भाजपा मंडल अध्यक्ष उदय शर्मा, वार्ड 10 पार्षद प्रमोद सोना, वार्ड क्रमांक 23 पार्षद दिलीप दास, वार्ड क्रमांक 9 पार्षद प्रतिनिधि दिलीप कुर्रे व देव राजपूत, नकुल पटेल, लक्ष्मी मानिकपुरी सहित उत्कल समाज पदाधिकारी व आसपास के वार्डवासी उपस्थित थे।

## पहाड़ी नालों के पानी का उपयोग करने बन रहे एनीकट

**कोरबा।** पहाड़ी नालों के पानी का उपयोग करने के लिए ऐसे स्थानों में एनीकट तैयार किए जा रहे हैं जहां से बहने वाले पहाड़ी नालों के पानी का उपयोग नहीं होता था। ऐसे क्षेत्रों के पहाड़ी नालों के पानी का उपयोग करने के लिए एनीकट की योजना सिंचाई विभाग ने तैयार की थी। रुकबहरी क्षेत्र के सारबहरा नाला एवं बेला नाला में एनीकट बनकर तैयार हुआ है।

जिले के कई ऐसे पहाड़ी नाले हैं जो बारहमासी हैं। इनके पानी का उपयोग के लिए पंचायत स्तर पर यह विभागीय योजनाएं तैयार नहीं होती थी। जिससे इनके पानी का उपयोग खेती और निस्तारी के लिए नहीं हो पाता था। सिंचाई विभाग ने ऐसे पहाड़ी नालों के पानी का उपयोग करने के लिए एनीकट तैयार किया है। इन एनीकट के आसपास गांव की एक बड़ी आबादी बसी होने से इनके पानी का उपयोग सब्जी की खेती एवं निस्तारी के लिए होने के साथ जल स्तर में भी बदलाव नजर आ रहा है। विभाग के द्वारा सारबहरा नाला, बेला नाला और परसाखोला नाला में एनीकट तैयार करने की योजना तैयार की थी। वर्ष 2020 में योजना को प्रस्तावित कर इस पर कार्य शुरू किया गया था।

## कलेक्टर ने बीच राह रुककर परखी सड़कों की गुणवत्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर कुणाल दुदावत निरंतर मैदानी स्तर पर पहुंचकर विकास कार्यों की प्रगति और गुणवत्ता सुनिश्चित कर रहे हैं। पदभार ग्रहण करने के बाद से ही वे ग्रामीण क्षेत्रों का लगातार निरीक्षण कर शासन की योजनाओं का जमीनी आंकलन कर रहे हैं।

इसी कड़ी में हाल ही में उन्होंने प्रधानमंत्री जनमन योजना के अंतर्गत पाली ब्लॉक के माखनपुर से जुनापारा तक निर्मित लगभग ढाई किलोमीटर लंबी सड़क का निरीक्षण किया। उन्होंने सड़क की गुणवत्ता को बारीकी से परखा और पीएमजीएसवाई के कार्यपालन अभियंता सी एस तंवर को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इससे पहले भी वे देवपहरी से जामभाठा-सोनारी तक बनी सड़क का एक छोर से दूसरे छोर तक निरीक्षण कर चुके हैं। इसके साथ ही कलेक्टर ने जेमरा से चैतुरगढ़ मार्ग के चौड़ीकरण कार्य का भी जायजा लिया और निर्माण कार्य में गुणवत्ता व गति बनाए रखने के निर्देश दिए। तेज धूप के बावजूद कलेक्टर का बीच रास्ते में वाहन रोककर निरीक्षण करना उनके कार्य के प्रति समर्पण और विकास कार्यों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उनके इस सक्रिय और जिम्मेदार दृष्टिकोण से जिले में विकास कार्यों की गुणवत्ता में निरंतर सुधार की उम्मीद की जा रही है।


निर्माण की जानकारी लेते कलेक्टर।

### शादी, घूमने या यात्रा पर जाने से पहले घर की सुरक्षा पहले करें सुनिश्चित

**कोरबा।** जिले में सजग कोरबा, सतर्क कोरबा अभियान के तहत कोरबा पुलिस द्वारा नगरवासियों को घर की सुरक्षा एवं यात्रा के दौरान आवश्यक सावधानियां अपनाने हेतु जागरूक किया जा रहा है। पुलिस द्वारा नागरिकों से अपील की गई है कि शादी समारोह, घूमने या यात्रा पर जाने से पहले अपने घर की सुरक्षा सुनिश्चित करें, ताकि चोरी एवं अन्य अप्रिय घटनाओं से बचा जा सके। नागरिकों को सलाह दी गई है कि घर से बाहर जाने से पूर्व सभी दरवाजे एवं खिड़कियों को अच्छी तरह लॉक करें तथा कीमती सामान, नगदी एवं आभूषण सुरक्षित स्थान या बैंक लॉकर में रखें। इसके साथ ही घर की देखरेख के लिए किसी विश्वसनीय व्यक्ति को जिम्मेदारी दें तथा अपने विश्वसनीय पड़ोसियों को बाहर जाने की जानकारी अवश्य दें।














# डॉन 3 बंद नहीं होगी, पर्दे पर जरूर दिखेगी कहानी

**मुंबई।** निर्माता-निर्देशक व अभिनेता फरहान अख्तर की डॉन 3 पिछले काफी वक्त से लगातार सुर्खियों में बनी हुई है। फरहान अख्तर के निर्देशन में बनने वाली डॉन 3 अपनी कास्टिंग को लेकर विवाद में फंस गई है। फिल्म में पहले रणवीर सिंह के लिए जाने और बाद में उनके फिल्म से बाहर होने के चलते, अब फरहान के प्रोडक्शन हाउस ने रणवीर पर हर्जाना देने का दावा किया है। मामला प्रोड्यूसर्स गिल्ड ऑफ इंडिया तक भी पहुंच चुका है। डॉन 3 को एक महत्वपूर्ण फिल्म बताते हुए फरहान ने कहा कि फिल्म को बंद नहीं किया जाएगा। यह उन शानदार कहानियों में से एक है, जिसे मैं अब पर्दे पर उतारना चाहता हूं।

लाइफ Style



# अनीत

## शक्ति शालिनी के सेट से सामने आया नया लुक

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अनीत पड्डा इन दिनों सोशल मीडिया पर खूब सुर्खियां बटोर रही हैं, क्योंकि उनकी आने वाली फिल्म 'शक्ति शालिनी' की एक झलक सोशल मीडिया पर वायरल हो गई है। इस छोटे से वीडियो ने तुरंत सबका ध्यान खींचा है, खासकर उनके दमदार नए अवतार की वजह से, जो उनकी पहले की छवि से बिल्कुल अलग है।

वीडियो के वायरल होने के बाद से इस प्रोजेक्ट को लेकर चर्चा और भी बढ़ गई है। सैयारा (2025) में एक सिंपल और सहज किरदार निभाने के बाद अनीत शक्ति शालिनी के साथ एक कहीं अधिक मुश्किल रोल में नजर आने वाली हैं। फिल्म में उन्हें डबल रोल्स में दिखाया जाएगा- शक्ति, एक रक्षक शक्ति, और शालिनी, एक अधिक क्रूर और विनाशकारी व्यक्तित्व। हालांकि, फिल्म निर्माताओं ने कहानी को गुप्त रखा है, लेकिन उनके किरदारों के बीच का अंतर पहले ही चर्चा का विषय बन चुका है। वीडियो वायरल होने के बाद से ही इंटरनेट पर लोगों ने प्यार दिखाया है। सोशल मीडिया पर दर्शक उन्हें शुभकामनाएं दे रहे हैं और अनीत को शुभकामनाएं और 'उन्हें और टीम को ढेर सारी बधाई जैसे कमेंट कर रहे हैं। एक फैन ने लिखा, मैडॉक को उम्मीद है कि यह फिल्म अच्छी बनेगी। अनीत और टीम को शुभकामनाएं, कई लोगों ने वीडियो को शेयर करके भी इस पर गाने लगाए हैं। 2025 में अनीत पड्डा को आधिकारिक तौर पर शक्ति शालिनी की लीड एक्ट्रेस के तौर पर चुना गया था, जिससे वह मैडॉक हॉरर कॉमेडी यूनिवर्स के साथ भी जुड़ गईं। 21 अक्टूबर, 2025 को रिलीज हुई फिल्म थामा के पोस्ट-क्रेडिट सीन में पहली बार उनके किरदार की झलक दिखाई गई थी।

## हॉलीवुड मसाला



# कॉन्सर्ट में होने वाला था हमला!

**लॉस एंजिल्स।** 2024 में ऑस्ट्रिया की राजधानी में टेलर स्विफ्ट के कॉन्सर्ट में जिहादी हमले की योजना बनाने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया था। 21 साल के ऑस्ट्रियाई युवक को 2024 में सीआईए से मिली सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया गया था। युवक पर वियना के दक्षिण में स्थित एक अदालत में मुकदमा चल रहा है। केवल बेरान ए नाम से पहचाने जाने वाले इस युवक को मंगलवार को हथकड़ियों में वियना न्यूस्टाड्ट स्थित अदालत में पेश किया गया, जहां उस पर आतंकवाद और अन्य अपराधों के आरोप लगाए गए हैं।



# फास्ट फॉरएवर की तैयारी में जुटे विन

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड स्टार विन डीजल ने फास्ट एंड फ्यूरियस की अपनी को-एक्ट्रेस जोर्डाना ब्रियुस्टर को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी हैं। विन डीजल ने एक्ट्रेस के जन्मदिन पर साथ में तस्वीर साझा करते हुए एक दिल छू लेने वाला नोट भी साझा किया है। विन डीजल अपनी अगली फिल्म 'फास्ट फॉरएवर' की तैयारी कर रहे हैं। ये इस फ्रैंचाइजी की 11वीं मुख्य फिल्म और कुल मिलाकर 12वीं फिल्म है। द हॉलीवुड रिपोर्टर के अनुसार, यह फिल्म दो दशकों से अधिक समय से चल रही कहानी को समाप्त करने और 'फास्ट एक्स' द्वारा छोड़े गए सस्पेंस को सुलझाने की उम्मीद है। विन डीजर ने जोर्डाना ब्रियुस्टर के साथ अपनी एक तस्वीर साझा की है। इस तस्वीर में दोनों प्यार से एक-दूसरे के कंधे पर सिर रखे खड़े हैं।



# दूसरी प्रेग्नेंसी की ऐलान के बाद दिखीं...


**मुंबई।** दीपिका पादुकोण ने 19 अप्रैल को अपनी दूसरी प्रेग्नेंसी का ऐलान किया था, जिससे फैंस खुशी से झूम उठे थे। अब वह पहली बार पब्लिक के बीच नजर आईं। साथ में रणवीर सिंह भी थे। दीपिका और रणवीर को साथ में मुंबई एयरपोर्ट पर स्पॉट किया गया। दीपिका ने ब्लू कलर की ढीली-ढाली शर्ट पहनी थी, पर उसमें उनका बेबी बंप साफ नजर आ रहा था। वहीं, रणवीर गाड़ी से उतरने के बाद दीपिका को एयरपोर्ट तक संभालकर ले जाते थे। दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह एयरपोर्ट पर पपाराजी को पोज देने के लिए नहीं रुके और सीधा अंदर चले गए। इस दौरान रणवीर, दीपिका को प्रोटेक्ट करते नजर आए। उन्होंने पहले दीपिका की गाड़ी से उतरने में मदद की और फिर कमर पर हाथ लगाकर एयरपोर्ट पर अंदर ले गए।



# दिलजीत ने जिमी को सिखाया भांगड़ा

**नई दिल्ली।** सिंगर-एक्टर दिलजीत दोसांझ की फैन फॉलोइंग ग्लोबल स्तर पर है। यही वजह है कि अब दिलजीत जिमी फैलन के 'द टुनाइट शो' में दो साल बाद वापसी करने जा रहे हैं। साल 2024 में दिलजीत ने 'द टुनाइट शो' में अपने डेब्यू से खूब सुर्खियां बटोरी थीं। अब फिर से इस शो में वापसी की घोषणा के बाद, दिलजीत का एक वीडियो वायरल है, जिसमें वो जिमी फैलन को भांगड़ा सिखाते नजर आ रहे हैं। ये एपिसोड 'द टुनाइट शो' के आगामी एपिसोड का है, जहां दिलजीत एक बार फिर अपना जलवा बिखेरने के लिए तैयार हैं। दिलजीत ने अपने इंस्टाग्राम पर शो के स्टूडियो से एक वीडियो शेयर किया। शो के आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल ने भी कुछ क्लिप शेयर किए, जिनमें दिलजीत के शो में लाए गए मस्ती भरे पलों की झलक दिखाई गई है।

## टीवी मसाला



# स्प्लिट्सविला 16 की प्रतियोगी प्रीत के साथ हुआ हादसा...

नई दिल्ली। एमटीवी स्प्लिट्सविला सीजन 16 की प्रतियोगी प्रीत सिंह ने हाल ही में अपने साथ हुए एक हादसे के बारे में बताया है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है जिसमें उन्होंने आरोप लगाया कि मुंबई के एक क्लब में उनके साथ मारपीट हुई। इसके बाद उनका एक दांत टूट गया और आंखें सूज गईं। सप्लिट्सविला 16 से प्रीत को जल्द ही बाहर कर दिया गया। ऐसा तब हुआ जब वह विशु बजाज के साथ ओरेकल के पास गईं, लेकिन उन्हें आइडियल मैच घोषित नहीं किया गया, जिसके चलते उन्हें शो से एलिमिनेट होना पड़ा। इस शो को सनी लियोनी और करण कुंद्रा होस्ट करते हैं। इसे जियो हॉटस्टार पर देखा जा सकता है। इंस्टाग्राम पर प्रीत ने अपना एक वीडियो शेयर किया है। इसमें देखा जा सकता है कि उनकी आंखें सूजी हुई हैं। कैप्शन में, उन्होंने विस्तार से घटना के बारे में बताया है। वीडियो के कैप्शन में उन्होंने लिखा 'चेतावनी। मैंने हमेशा सुना है कि मुंबई लड़कियों के लिए सबसे सुरक्षित शहरों में से एक है। मगर, मैंने कभी नहीं सोचा था कि यह मेरा स्वागत इस तरह करेगा। जब मैं यह लिख रही हूं, तब भी मैं कांप रही हूं। मेरी आंखें सूजी हुई हैं। मेरे चेहरे पर चोट के निशान हैं। मैं अभी भी यह समझने की कोशिश कर रही हूं कि आखिर हुआ क्या।' उन्होंने बताया कि उनके साथ क्या हुआ। उन्होंने लिखा, 'मैं बस एक क्लब में अपनी दोस्त के साथ बैठी समय बिता रही थी, तभी अचानक एक लड़की चिल्लाने लगी और सवाल करने लगी कि हमें अंदर आने की इजाजत कैसे मिली।

## जल्द ही समाप्त होने वाला है नागिन-7



**नई दिल्ली।** टीवी की क्वीन कही जाने वाली निर्माता एकता कपूर ने अपने हिट सुपरनेचुरल शो नागिन 7 को लेकर एक अहम अपडेट साझा किया है। उन्होंने पुष्टि की है कि मौजूदा सीजन जल्द ही समाप्त होने वाला है और अगले साल इसे फिर से शुरू करने की योजना है। नागिन 7 का फिनाले एपिसोड अब 7 जून को टेलीकास्ट होगा, उस दिन एकता कपूर का जन्मदिन भी है। मौजूदा सीजन में प्रियंका चाहर चौधरी मुख्य भूमिका में हैं। हाल ही में कहानी उनके किरदार से जुड़े एक गहन लव ट्रायंगल पर केंद्रित रही है। एकता कपूर ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज में शो के भविष्य को लेकर चल रही अटकलों पर बात करते हुए स्पष्ट किया कि सीजन को समाप्त करने का फैसला आंशिक रूप से शेड्यूलिंग की वजह से लिया गया है। उन्होंने कहा, 'नागिन को लेकर कुछ अपडेट देने आई हूं। दोस्तों, मैंने कल एक पोस्ट किया था और मुझे एहसास नहीं था कि हम अचानक शो खत्म करने वाले हैं।



# तीन दशक बाद साथ नजर आएंगे तब्बू और नागार्जुन

**मुंबई।** साउथ सुपरस्टार नागार्जुन ने अपनी 100वीं तेलुगु फिल्म पर काम शुरू कर दिया है। फिल्म का नाम फिलहाल 'किंग 100' है। अब फिल्म में बॉलीवुड अभिनेत्री तब्बू भी शामिल हो गई हैं। तब्बू इस फिल्म में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। खास बात ये है कि इस फिल्म के जरिए दशकों बाद तब्बू और नागार्जुन एक साथ किसी प्रोजेक्ट में नजर आएंगे। फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है। तब्बू ने अपने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर साझा करते हुए फिल्म से खुद के जुड़ने और शूटिंग शुरू होने की जानकारी दी। तब्बू ने एक तस्वीर साझा की, जिसमें फिल्म के टाइटल वाला क्लैपरबोर्ड एक काली कुर्सी पर रखा हुआ है। इसके साथ ही उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'और हम शुरू करते हैं किंग100।'इसके साथ ही तब्बू ने हैशटैग में नागार्जुन का नाम लिखा है और मेकर्स को मेंशन किया है।'किंग 100' के जरिए तब्बू और नागार्जुन लगभग 30 साल बाद साथ में वापसी कर रहे हैं। इससे पहले नागार्जुन और तब्बू साल 1996 में आई रोमांटिक फिल्म 'निन्ने पेल्लादाता' में साथ नजर आए थे। अब दर्शक तीन दशक बाद दोनों को एक ही फिल्म में देखने के लिए उत्साहित हैं। हालांकि, 'किंग 100' की कास्ट और क्रू व फिल्म की कहानी के बारे में अभी अधिक जानकारी सामने नहीं आई है। वर्कफ्रंट की बात करें तो तब्बू हाल ही में अक्षय कुमार और प्रियदर्शन की हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'भूत बंगला' में नजर आई हैं। इस फिल्म में परेश रावल, राजपाल यादव और वामिका गब्बी ने भी अहम भूमिकाएं निभाई हैं। फिल्म इन दिनों सिनेमाघरों में बनी हुई है। वहीं, नागार्जुन को आखिरी बार पिछले साल आई रजनीकांत की तमिल एक्शन फिल्म 'कुली' में देखा गया था।

# इंस्पेक्टर से लेकर विलेन तक की निभाई भूमिका

**नई दिल्ली।** भरत कपूर ने फिल्मों में लीड एक्टर के अलावा साइड एक्टर के तौर पर काम किया। उन्होंने फिल्मों में खलनायक की भूमिका निभाई। छोटे पर्दे पर भी उन्होंने अपना दबदबा बनाया। बॉलीवुड में 1970, 80 और 90 के दशक की कई फिल्मों में बेहतरीन अदाकारी करने वाले अभिनेता भरत कपूर ने इस दुनिया को अलविदा कह दिया है। पिछले कुछ समय से भरत कपूर की तबीयत खराब चल रही थी। उनकी उम्र 80 साल थी।

### कैसे मिला फिल्मों में काम?

भरत कपूर का सफर संघर्षों से भरा रहा। वह थिएटर आर्टिस्ट थे। अभिनेता देव आनंद के भाई चेतन आनंद ने उन्हें फिल्मों में सबसे पहला ब्रेक दिया था। चेतन आनंद ने भरत



को एक नाटक में अभिनय करते देखा था। उस नाटक का नाम था 'तनहाई'। भरत का अभिनय चेतन को पसंद आया। चेतन ने जब भरत को फिल्मों में काम करने का ऑफर दिया तो उन्होंने तुरंत स्वीकार कर लिया। भरत ने चेतन आनंद की दो फिल्मों हंसते जख्म और हिंदुस्तान की कसम में काम किया।

### लीड एक्टर के तौर पर

भरत कपूर ने अपने कॅरियर में एक ऐसी फिल्म की, जिसमें वह लीड रोल में थे। यह फिल्म गुप्त ज्ञान (1974) थी। यह फिल्म यौन शिक्षा पर आधारित थी। इसमें वह सेक्सोलोजिस्ट की भूमिका में थे। फिल्म काफी हिट रही थी। एक और फिल्म थी, जिसमें भरत ने हीरो का किरदार निभाया था। इसका नाम 'क्षितिज' था। हालांकि बतौर हीरो भरत कपूर को कामयाबी नहीं मिली।

### मुख्य फिल्में

बाजार (1982) में भरत कपूर ने अखतर हुसैन की दमदार भूमिका निभाई, जिसे आलोचकों ने सराहा। आखिरी रास्ता (1986) में उन्होंने अमिताभ बच्चन के साथ खलनायक का रोल किया, जिसे खूब पसंद किया गया। सोने पे सुहागा (1988) में उन्होंने प्रकाश का किरदार निभाया था, इससे उन्हें पहचान मिली। उन्होंने जंगल में मंगल (1972), दिल से मिले दिल (1978), पुलिस लॉक-अप (1995) और हिम्मतवर (1996) में पुलिस इंस्पेक्टर की भूमिका निभाई।

### खलनायक के रोल में मिली कामयाबी

भरत कपूर ने कई फिल्मों में अभिनय किया। हालांकि, उन्हें विलेन के किरदार में कामयाबी मिली। साल 1979 में आई यश चोपड़ा की फिल्म नूरी में भरत कपूर ने बतौर विलेन काम किया। इसमें उन्होंने बशीर खान का किरदार निभाया था, जिसके लिए उन्हें तारीफ मिली। भरत कपूर की यादगार फिल्मों में सोने पे सुहागा (1988), बलिदान (1985) और मीनाक्षीः टेल ऑफ 3 सिटीज (2004), बरसात (1995) और साजन चले ससुराल (1996) हैं।

## अगले 2 साल में रिलीज होंगी 12 फिल्में

# ये माइथोलॉजिकल फिल्में एआई के दम पर मचाएंगी धमाल

*नई दिल्ली। साल 2026 और 2027 सिनेमा के लिहाज से काफी अहम रहने वाला है। इस साल पहले चार महीनों में बॉर्डर 2, धुरंधर 2 और भूत बंगला जैसी फिल्मों ने कमाई के मामले में शानदार प्रदर्शन करके दिखाया है। अब साल के बाकी महीनों में भारतीय सिनेमा की तरफ से माइथोलॉजिकल जॉनर की मूवीज का दबदबा*



*देखने को मिलेगा। जिनमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और वीएफएक्स टेक्नोलॉजी का एक अलग लेवल का इस्तेमाल नजर आएगा। ऐसे में आइए जानते हैं कि आने वाले अगले दो सालों में कौन-कौन सी मोस्ट अवेटेड 12 माइथोलॉजिकल मूवीज बड़े पर्दे पर रिलीज किया जाएगा।*

**रामायण पार्ट-1** : इसकी शुरुआत सुपरस्टार रणबीर कपूर की बहुचर्चित फिल्म रामायण पार्ट-1 से होगी, जिसका निर्देशन फिल्ममेकर नितेश तिवारी ने किया है। 8 ऑस्कर अवॉर्ड जीतने वाली वीएफएक्स कंपनी और हॉलीवुड स्टूडियो डीएनईजी रामायण में वीएफएक्स का काम संभाल रही है। दीवाली 2026 पर इस पौराणिक कहानी वाली फिल्म को सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा।

**चिरंजीवी हनुमान– द इटरनल** : भारत की पहली एआई-पावर्ड पौराणिक फिल्म है, चिरंजीवी हनुमान– द इटरनल का ऐलान बीते साल किया गया था। इतना ही नहीं 2 अप्रैल 2026 को हनुमान जयंती के अवसर पर इसकी रिलीज डेट भी फाइनल की गई थी। लेकिन, खबरों की मानें तो इस मूवी को आगे के लिए शेड्यूल कर दिया गया है।

**महावतार** : करीब दो साल पहले मैडॉक फिल्म्स की तरफ से विक्की कौशल स्टारर फिल्म महावतार की घोषणा की गई थी, जिसमें छावा एक्टर भगवान विष्णु के छठे अवतार परशुराम का किरदार निभाते हुए नजर आएंगे। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो महावतार को अगले साल थिएटर्स में रिलीज किया जा सकता है।

**जय हनुमान** : तेलुगू मूवी 'हनु-मैन की अपार सफलता के बाद मेकर्स ने इसके सीक्वल जय हनुमान का एलान किया था। माना जा रहा है कि इस मूवी की शूटिंग इसी साल शुरू होगी और 2027 में ये रिलीज की जाएगी। फिल्म में अभिनेता ऋषभ शेट्टी भगवान हननमान की भूमिका में नजर आएंगे। इस मूवी के लिए मोशन पिक्चर टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया जाएगा।

**महाकाली** : अभिनेता अक्षय खन्ना की अपकमिंग फिल्म भी माइथोलॉजिकल जॉनर से नाता रखती है। तेलुगु सिनेमा की पेशकश महाकाली को अगले साल बड़े पर्दे पर रिलीज किया जा सकता है।

**सीता- द इनकार्नेशन** : साल 2021 में अभिनेत्री कंगना रनौत ने फिल्म सीता- द इनकार्नेशन का आधिकारिक एलान किया था। इस मूवी की रिलीज का फैंस बेताबी से इंतजार कर रहे हैं। अगले साल हो सकता है ये रिलीज की जाए।

**द्रौपदी** : बताया जा रहा है कि लेडी सुपरस्टार दीपिका पादुकोण का प्रोडक्शन हाउस महाभारत के लोकप्रिय पात्र द्रौपदी पर एक फिल्म बनाने की तैयारी कर रहा है। हालांकि, इसकी अनाउंसमेंट और रिलीज डेट की जानकारी आना बाकी है।

***कल्कि पार्ट 2*** *: साउथ सिनेमा के मशहूर फिल्ममेकर नाग अश्विन की मोस्ट अवेटेड मूवी कल्कि पार्ट 2 का नाम भी इस लिस्ट में शामिल है। अमिताभ बच्चन, कमल हासन और प्रभास स्टारर इस माइथोलॉजिकल और साइंस फिक्शन थ्रिलर का हर कोई बेसब्री से इंतजार कर रहा है। माना जा रहा है कि अगले साल ये साउथ मूवी बड़े पर्दे पर दस्त दे सकती है।*

***रामायण 2*** *: फिल्म रामायण को दो भागों में बनाया गया है। जिसका दूसरा भाग अगले साल दीवाली के मौके पर रिलीज के लिए शेड्यूल किया गया है, इसमें युद्ध कांड की कहानी को दर्शाया जाएगा।*

***महावतार परशुराम*** *: महावतार नरसिम्हा जैसी ब्लॉकबस्टर एनिमेटेड मूवी बनाने वाले होम्बले फिल्म्स प्रोडक्शन हाउस की अगली फिल्म एनिमेटेड माइथोलॉजिकल फिल्म का नाम महावतार परशुराम है, जिसकी रिलीज डेट की घोषणा हाल ही में हुई है। 3D एनिमेशन और एनीमे टेक्नोलॉजी के इस्तेमाल से बनी इस मूवी को अगले साल दिसंबर 2027 में रिलीज किया जाएगा।*

## खबर संक्षेप

### भीषण गर्मी को देखते हुए महिलाओं ने लोगों को पिलाया शरबत



**बाराद्वार।** जागरूक वीरांगना बहुउद्देशीय सेवा समिति ने गौ सम्मान रैली में आए आगंतुकों और वहां उपस्थित लोगों को पिलाया ठंडा पानी और शरबत जागरूक वीरांगना बहुउद्देशीय सेवा समिति के सदस्यों ने तेज धूप और भीषण गर्मी को देखते हुए जन सेवा के तहत गौ सम्मान आह्वान अभियान की रैली में आए आगंतुकों कोऔर तहसील ऑफिस में उपस्थित लोगों पिलाया ठंडा पानी और शरबत कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित वीरांगना वंदना सिंह, सुमन सिंह, पायल शर्मा, पूजा शर्मा,सीता सिंघल , पद्मनी वैष्णव, रंजना अग्रवाल, प्रीति शर्मा, और भी बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे ।

### डॉ.बोधीराम साहू राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षक अवार्ड से सम्मानित



**जांजगीर-चांपा।** सावित्री बाई फुले नेशनल ओमेन टीचर्स फेडरेशन नई दिल्ली राज्य इकाई छत्तीसगढ़ द्वारा वृन्दावन हाल रायपुर में आयोजित कार्यक्रम में शिक्षा नवाचार के क्षेत्र में उपलब्धि परक कार्यों के लिये डॉ. बोधीराम साहू को सावित्रीबाई फुले राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षक अवार्ड 2026 से प्रमाण पत्र,स्मृति चिन्ह से मंचस्थ अतिथि संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ लता एस मुल्लूर, लक्ष्मी वर्मा राज्यसभा सांसद , स्वाति वर्मा सभापति संचार एवं सकर्म जिला पंचायत रायपुर, डॉ सारिका एस गंगा , राष्ट्रीय महासचिव, नर्मदा प्रसाद मिश्र , डॉ मनीषा वत्स, रूचि वर्मा डी एस पी सहित अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। यह सम्मान इन्हें इनके उल्लेखनीय कार्य व प्रतिभा शिक्षा के क्षेत्र में विलक्षण प्रतिभा प्रेरक व्यक्तित्व पर प्रदान किया गया है। ज्ञात हो कि ये इसके अलावा राज्य, राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय स्तर के लगभग 317 से भी अधिक सम्मानों से विभूषित हो चुके है।इनके सम्मानित होने पर डा. शिवनारायण देवांगन आस,डा.राघवेंद्र राठौर,बसंत चतुर्वेदी, प्रमोद आदित्य, सत्येंद्र सिंह,विजय प्रधान, जे. सी. साहू, दिलीप साहू, केशव साहू, रामरतन साहू सहित प्रशंसकों ने प्रसन्नता जाहिर की है।

### ग्राम तनौद का गौरवः अभिशेष साहू ने रचा सफलता का इतिहास

**तनौद।** ग्राम पंचायत तनौद निवासी छात्र अभिषेक



साहू, पिता अजय साहू, ने कक्षा बारहवीं बोर्ड परीक्षा में 94.3 प्रतिशत अंक अर्जित कर न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे गांव का नाम रोशन कर दिया। अभिषेक साहू ने अपनी मेहनत, लगन और अनुशासन के दम पर लिटिल फ्लावर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, शिवरीनारायण में प्रथम स्थान प्राप्त कर एक नई मिसाल कायम की है। उनकी इस शानदार सफलता से गांव में खुशी की लहर है और हर कोई उनकी उपलब्धि पर गर्व महसूस कर रहा है। परिजनों ने बताया कि अभिषेक शुरू से ही पढ़ाई के प्रति गंभीर और समर्पित रहे हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने अपने लक्ष्य को कभी कमजोर नहीं होने दिया और कठिन परिश्रम के बल पर यह मुकाम हासिल किया। विद्यालय के शिक्षकों ने भी अभिषेक की इस सफलता को विद्यालय के लिए गौरवपूर्ण बताया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं ग्रामवासियों ने मिठाई बांटकर खुशी जाहिर की और उन्हें बधाई दी। गांव के युवाओं के लिए प्रेरणा बने अभिषेक साहू: की यह उपलब्धि अन्य छात्रों के लिए प्रेरणास्रोत है, जो यह संदेश देती है कि सच्ची मेहनत और लगन से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

### कलेक्टर ने कहा : एग्रीस्टेक पोर्टल में लंबित खसरों का शीघ्र कराएं पंजीयन

**सक्ती।** राज्य में एग्रीस्टेक परियोजना के अंतर्गत सभी कृषि भूमि धारकों का कृषि भूमि पहचान पत्र (फार्म आईडी) एवं कृषक पहचान पत्र तैयार किया जा रहा है। किन्तु कुछ श्रेणी के कृषकों के अभिलेख राजस्व अभिलेखों एवं भूईयां रिकॉर्ड में समुचित रूप से अद्यतन नहीं होने के कारण संबंधित किसानों के फार्म आईडी, फार्मर आईडी जारी होने तथा लैंड बॅकेटिंग में समस्या उत्पन्न हो रही है। किसानों के हित को ध्यान में रखते हुए राज्य शासन द्वारा एग्रीस्टेक के ऑथोराइजेशन मॉड्यूल के माध्यम से पंजीयन सुनिश्चित करने हेतु तहसीलदार को सक्षम अधिकारी नियुक्त किया गया है। जिला सक्ती में एग्रीस्टेक पंजीयन के लिए विभिन्न श्रेणियों के कृषकों के लंबित खसरों का पंजीयन किया जाना है। इनमें वन अधिकार पट्टाधारी कृषक के 54, ग्राम कोटवार के 269, डुबान पट्टाधारी के 0, संस्थागत पंजीयन के 55, शासकीय पट्टेदार के 715 तथा रेगहा व अधिया श्रेणी के 44 खसरे शामिल हैं। जिले में कुल 1137 खसरों का पंजीयन लंबित है। कलेक्टर श्री अमृत विकास तोपनो ने जिले के सभी कृषकों से अपील की है कि वे 15 जून 2026 के पूर्व लोक सेवा केंद्र अथवा स्वयं अपने मोबाइल के माध्यम से एग्रीस्टेक पोर्टल में अपने छूटे हुए खसरों का अनिवार्य रूप से पंजीयन कराएं, जिससे आगामी खरीफ सत्र में खाद, बीज एवं धान खरीदी व बिक्री से संबंधित किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना किसानों को नहीं करना पड़े।

---

### पेयजल व्यवस्था को लेकर लिया गया महत्वपूर्ण निर्णय

# जिपं की सामान्य बैठक में उद्योगों को जलकर नोटिस देने निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिला पंचायत अध्यक्ष की अध्यक्षता में सामान्य सभा की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान उद्योगों को जलकर बकाया राशि वसूली को लेकर नोटिस देने के निर्देश दिए। साथ ही साथ पेयजल व्यवस्था को लेकर भी निर्णय लिया गया।

ज्ञात हो कि बुधवार 29 अप्रैल को जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक सभाकक्ष में जिला पंचायत अध्यक्ष इंजी. सत्यलता आनंद मिरी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को पारदर्शिता, गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ कार्य करने के कड़े निर्देश दिए गए। जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक में पेयजल व्यवस्था, जल गुणवत्ता और जलकर वसूली को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष इंजी. सत्यलता आनंद मिरी ने अधिकारियों को जनहित से जुड़े विषयों पर सख्त और समयबद्ध कार्यवाही के निर्देश दिए। बैठक में जल संसाधन विभाग को निर्देशित



सामान्य सभा की बैठक में जिला पंचायत सदस्य।

किया गया कि लंबित जलकर वसूली के प्रकरणों में तेजी लाई जाए। विशेष रूप से उद्योगों को नोटिस जारी कर बकाया जलकर की वसूली सुनिश्चित करने को कहा गया, ताकि राजस्व में वृद्धि हो और जल संसाधनों का समुचित प्रबंधन किया जा सके। वहीं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को ग्राम पंचायत स्तर पर पेयजल व्यवस्था सुदृढ़ करने के निर्देश दिए गए। बताया गया कि ग्राम पंचायतों में जलवाहिनी के माध्यम से ग्राम पंचायत में जल प्रबंधन एवं रखरखाव से संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। इसके साथ ही ग्राम पंचायतों में उपलब्ध पेयजल की नियमित गुणवत्ता जांच सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए, ताकि नागरिकों को शुद्ध और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध हो सके। पेयजल जैसी मूलभूत सुविधा में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सभी कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए रिपोर्ट प्रस्तुत करें। गांवों में पर्यावरण एवं जनस्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। इस पर पर्यावरण विभाग को नियमित निरीक्षण कर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए, ताकि प्रदूषण पर नियंत्रण स्थापित किया जा सके। सदस्यों ने उद्योगों द्वारा किए जा रहे फ्लाईएश डंप पर भी गंभीर चिंता जताई। सभी डंप स्थलों का भौतिक सत्यापन (फिजिकल वेरिफिकेशन) किया जाए और उसकी विस्तृत रिपोर्ट सदन के पटल पर प्रस्तुत की जाए। इसके साथ ही डंप स्थलों पर जानकारी वाले सूचना बोर्ड लगाने के निर्देश भी दिए गए, ताकि आम नागरिकों को इसकी जानकारी मिल सके। जिला पंचायत अध्यक्ष ने पर्यावरण विभाग को निर्देशित किया कि पूरे मामले में 10 दिनों के भीतर विस्तृत जानकारी एवं कार्रवाई रिपोर्ट सदन को प्रस्तुत करें। बैठक में जिला पंचायत उपाध्यक्ष गगन कुमार जयपुरिया, जिला पंचायत समिति के सभापति एवं सदस्य श्रीमती प्रियंका सिंह क्षत्री, श्रीमती नेहा साहू श्रीमती संतोषी सिंह रात्रे, श्रीमती प्रीति दिव्य, श्रीमती प्रमिला साहू, श्री महादेव नेताम, श्रीमती उर्मिला यादव, श्रीमती उमा राजेन्द्र राठौर, श्रीमती मोहन कुमारी साहू, सुश्री आशा साव, सांसद प्रतिनिधि श्री विवेका गोपाला, जांजगीर विधायक प्रतिनिधि दिनेश शर्मा, पामगढ़ विधायक प्रतिनिधि राघवेंद्र प्रताप सिंह, जैजैपुर विधायक प्रतिनिधि, जनपद पंचायत अध्यक्ष, जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

---

# विशेष अभियान के तहत अफसरों ने खाद्य पदार्थों का लिया सैंपल

### विक्रताओं को सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

छत्तीसगढ़ शासन लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय तथा कलेक्टर अमृत विकास तोपनो के निर्देशानुसार "सही दवा, शुद्ध आहार यही छत्तीसगढ़ का आधार" थीम पर 27 अप्रैल से 11 मई तक सक्ती जिले में 15 दिवसीय विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है।

इस अभियान के अंतर्गत जिले के मेडिकल स्टोर्स एवं खाद्य प्रतिष्ठानों की गहन जांच की जा रही है, ताकि जिले के प्रत्येक नागरिक तक सही दवा एवं शुद्ध खाद्य पदार्थ पहुंच सुनिश्चित किया जा सके। अभियान के लिए नोडल अधिकारी एवं अपर कलेक्टर बीरेंद्र लकड़ा के नेतृत्व में खाद्य प्रतिष्ठानों तथा मेडिकल स्टोर्स की सघन जांच हेतु खाद्य एवं औषधि प्रशासन, राजस्व विभाग एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों की संयुक्त टीम गठित की गई है। टीम द्वारा जन-जागरूकता अभियान के साथ-साथ नियमों के पालन पर विशेष जोर दिया जा रहा है। इसी क्रम में सक्ती स्थित चौपाटियों एवं ठेला-टफरी क्षेत्रों का सघन निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान चाट, गुपचुप, बिरयानी, आइसक्रीम, फालूदा, समोसा सहित विभिन्न खाद्य पदार्थ विक्रेताओं को न्यूज पेपर में खाद्य सामग्री परोसने से बचने, साफ-सफाई बनाए रखने, खाद्य पदार्थ परोसते समय ग्लब्स एवं हेड कैप का उपयोग करने, तेल का दो बार से अधिक उपयोग न करने तथा खाद्य सामग्री को ढककर रखने जैसे आवश्यक निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने सभी विक्रेताओं को खाद्य सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश




खाद पदार्थों की जांच करने पहुंचे अफसर।

दिए। विशेष अभियान के तहत पूर्व में भी खाद्य नमूनों की जांच की कार्रवाई की गई है। 17 अप्रैल को पापा ढाबा हरेठी से पनीर एवं पकी अरहर दाल का नमूना लिया गया था, वहीं 23 अप्रैल को अशोक सुपर बाजार सक्ती से बेसन, दलिया एवं नमक के नमूने संग्रहित किए गए। उक्त समस्त कार्यवाही में अभिहित अधिकारी एहसान तिग्गा, खाद्य सुरक्षा अधिकारी शांतनु भट्टाचार्य एवं निखिलेश साहू सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह अभियान आगामी 15 दिनों तक लगातार जारी रहेगा तथा जिले में खाद्य एवं औषधि गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए सख्त कार्रवाई की जाएगी।

---

## सेवानिवृत्ति पर वरिष्ठ व्यावसायिक शिक्षक चतुर्वेदी को दी गई विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

शिक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक एवं अग्रणी शिक्षा संस्थान शासकीय बालक उच्च माध्यमिक विद्यालय चांपा वर्तमान स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय के वरिष्ठ व्यावसायिक शिक्षक एवं स्टेनो-टाइपिंग के विद्वान डॉ. उमाशंकर चतुर्वेदी के सेवानिवृत्ति अवसर पर सुमित होटल सभागार चांपा में विदाई समारोह का आयोजन किया गया।

संस्था के प्राचार्य संजय जैन, व्याख्याता श्रीमती सीमा राठौर, श्रीमती निमिषा जेम्स, श्रीमती रीतू सिंह, श्रीमती पिकी पायल मेश्राम एवं श्रीमती रोशनी बाजपेयी द्वारा मुख्य अभ्यागत डॉ. चतुर्वेदी का कौशेय वस्त्र शाल ओढ़ाकर अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार के व्याख्याता रामचन्द्र राठौर, डॉ. रविन्द्र द्विवेदी, सचिन देव बर्मन, गोविंद नारायण शर्मा, राजकुमार तम्बोली, राजेश उपाध्याय एवं सोमनाथ पाण्डेय ने पुष्पगुच्छ एवं




गुलदस्ता भेंट कर तिलक-चंदन एवं अबीर लगाकर सम्मान व्यक्त किया। इसी क्रम में संस्था के प्राचार्य संजय जैन का भी समस्त विद्यालय परिवार द्वारा पुष्पमाला एवं गुलदस्ता भेंट कर अभिनंदन किया गया। अपने उद्बोधन में प्राचार्य संजय जैन ने डॉ. चतुर्वेदी के दीर्घ शैक्षणिक कार्यकाल की सराहना की। वरिष्ठ व्याख्याता श्रीमती सीमा राठौर, व्याख्याता श्रीमती निमिषा जेम्स ने अपने उद्बोधन में कहा कि डॉ चतुर्वेदी संत प्रवृत्ति के हैं उनक व्यवहार अत्यंत सहज, सरल एवं सहयोगात्मक रहा है। उन्होंने सदैव विद्यालय एवं छात्र-छात्राओं के हित में उत्कृष्ट कार्य करते हुए संस्था को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। व्याख्याता श्रीमती रीतू सिंह ने अपने वक्तव्य में कहा कि चतुर्वेदी का मार्गदर्शन एवं अनुभव हम सभी के लिए अमूल्य धरोहर है। व्याख्याता गोविंद शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि डॉ. चतुर्वेदी ने अपने कार्यकाल में जिस निष्ठा और लगन से विद्यार्थियों को शिक्षित किया। संचालन करते हुए डॉ. रविन्द्र द्विवेदी ने डॉ. चतुर्वेदी ने किया।

---

## महतारी वंदन योजना : ई केवाइसी कराने महिलाएं पहुंच रही आंबा केन्द्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

महतारी वंदन योजना के तहत ई-केवाईसी कार्य प्रारंभ हो गया है। जिसके तहत आंगनबाड़ी केंद्रों में महिलाएं बडी संख्या में पहुंच रही है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार महतारी वंदन योजना के अंतर्गत लाभार्थी महिलाओं के लिए ई-केवाईसी कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसके तहत सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में ई-केवाईसी का कार्य प्रारंभ हो चुका है, जहां बड़ी संख्या में महिलाएं अपना केवाईसी कराने पहुंच रही हैं। आंगनबाड़ी केंद्रों में ई-केवाईसी के लिए महिलाओं को एमव्हीवाय नंबर व आईडी के साथ आधार कार्ड लाना अनिवार्य किया गया है। प्रक्रिया के दौरान महिलाओं की फोटो ली जा रही है, अंगूठे का बायोमेट्रिक सत्यापन किया जा रहा है और पंजीकृत मोबाइल नंबर पर



आंगनबाड़ी केन्द्र में ई केवायसी कराने पहुंची महिलाएं।

एक कन्फर्मेशन संदेश भेजा जा रहा है। मोबाइल पर आए संदेश के सत्यापन के बाद ई-केवाईसी पूर्ण मानी जा रही है। कर्मचारियों ने बताया कि महतारी वंदन योजना का आगे लाभ निरंतर प्राप्त करने के लिए ई-केवाईसी कराना अनिवार्य है। जिन लाभार्थियों का ई-केवाईसी पूरा नहीं होगा, उन्हें योजना का लाभ मिलने में परेशानी हो सकती है। प्रशासन और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा महिलाओं से अपील की गई है कि वे समय पर अपने नजदीकी आंगनबाड़ी केंद्र पहुंचकर आवश्यक दस्तावेजों के साथ ई-केवाईसी की प्रक्रिया पूरी कराएं, ताकि भविष्य में योजना का लाभ निर्बाध रूप से मिलता रहे।

---

## बनारस और अयोध्या की तर्ज पर शिवरीनारायण महानदी तट पर चल रही दिव्य महाआरती

**शिवरीनारायण।** धार्मिक एवं पौराणिक नगरी शिवरीनारायण में माँ महानदी के पावन तट पर प्रतिदिन शाम 7 बजे आयोजित होने वाली महानदी महाआरती 14 फरवरी से अनवरत जारी है। बनारस और अयोध्या की तर्ज पर प्रारंभ की गई यह दिव्य महाआरती अब प्रदेशभर में आस्था, श्रद्धा और आकर्षण का प्रमुख केंद्र बन चुकी है।

महाआरती की भव्यता, दीपों की दिव्य छटा, वैदिक मंत्रोच्चार, घंटा-घड़ियाल की गूंज एवं भक्तिमय वातावरण को देखने के लिए बिलासपुर, रायपुर सहित विभिन्न शहरों से श्रद्धालु शिवरीनारायण पहुँच रहे हैं। प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग माँ महानदी की आरती में शामिल होकर आध्यात्मिक आनंद प्राप्त कर रहे हैं।महाआरती में मुख्य जजमान बनने के लिए श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। बड़ी संख्या में परिवार एवं भक्तजन इस पुण्य अवसर का लाभ लेने के लिए अग्रिम रूप से अपनी इच्छा व्यक्त कर रहे हैं।प्रतिदिन अलग-



अलग परिवारों को मुख्य जजमान बनाकर माँ महानदी की निःशुल्क महाआरती करवाई जा रही है। इस आयोजन की विशेषता यह है कि पंडित द्वारा धनराशि दक्षिणा लेने के स्थान पर मुख्य जजमान परिवारों से संकल्प स्वरूप शपथ दिलाई जाती है कि वे प्लास्टिक डिस्पोजल सामग्री का उपयोग बंद करेंगे, नदी-तालाबों में कचरा नहीं डालेंगे( यह अभिनव पहल धार्मिक आस्था को सामाजिक उत्तरदायित्व और पर्यावरण संरक्षण से जोड़ने का सशक्त माध्यम बन चुकी है।

---

## जिला स्तरीय दिया सृजन का चेतना युवा संगोष्ठी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

किरारी में गायत्री परिवार के युवा संगठन डिवाइन ग्रुप दिया द्वारा जिला स्तरीय सृजन चेतना युवा संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में अखिल विश्व गायत्री परिवार के युवा आंदोलन दिया छत्तीसगढ़ की विभिन्न कार्य योजनाओं को गति देने एवं युवाओं को सकारात्मक दिशा प्रदान करने पर विशेष चर्चा की गई। छत्तीसगढ़ के प्रतिनिधि विजेंद्र यादव, विस्तारक सविता साहू एवं प्रांतीय प्रतिनिधि जितेंद्र केवट द्वारा दीप प्रज्वलन एवं गुरु वंदना के साथ हुआ। इसके पश्चात जिला संयोजक जीतराम साहू, सहसंयोजक राकेश श्रीवास एवं सदस्य दीपक साहू



ने अतिथियों का स्वागत किया।मुख्य वक्ताओं ने युवाओं को सेवा, संस्कार, परिश्रम, चरित्र निर्माण एवं राष्ट्र निर्माण के कार्यों से जुड़ने का संदेश दिया। साथ ही व्यक्तित्व विकास, नशा मुक्ति एवं सामाजिक जागरूकता हेतु चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी गई।कार्यक्रम में अनुशासन, संगठन विस्तार एवं प्रत्येक ब्लॉक स्तर तक अभियान पहुंचाने पर भी जोर दिया गया। संचालन दीपक साहू एवं धनंजय श्रीवास ने किया। समापन अवसर पर अतिथियों का स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर महेश्वर कश्यप, अमित राठौर, कमल कश्यप, सुशील कश्यप, हरिशंकर वर्मा, त्रियुगीनारायण पटेल, जयप्रकाश साहू, गोवर्धन कश्यप सहित अनेक कार्यकर्ता एवं सदस्य उपस्थित रहे।

---

### हसदेव नदी की सफाई को लेकर जिलाधीश से मिले पूर्व राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि

**चांपा।** पुण्य सलिला मां हसदेव नदी जांजगीर चांपा जिला की जीवन रेखा है किन्तु वर्तमान समय में औद्योगिक प्रदूषण, अवैध उत्खनन एवं अतिक्रमण से विलुप्ति की कगार पर शीघ्रातिशीघ्र पहुँचने की प्रबल संभावना है। हसदेव सेवा प्रकल्प के द्वारा 2013-14 में जनजागरण रैलियो, गोष्ठियों एवं जनसंपर्क के माध्यम से तत्कालिन शासन, प्रशासन से केन्द्र सरकार की योजना नमामि देवी गंगे एवं मध्यप्रदेश सरकार की योजना नमामि देवी नर्मदे की घोषणा एवं क्रियान्वयन को देखकर हम सभी क्षेत्रवासियों के द्वारा नमामि देवी हसदो प्रोजेक्ट के माध्यम से तपसीधाम एनीकट चांपा से लेकर कुदरी बैराज चांपा लगभग 3 किलोमीटर की लंबाई तक स्वच्छता हेतु मांग की थी तथा तत्कालिन समय में सीएसआर मद से लगभग 2 करोड़ रूपये की राशि के व्यय हेतु विकास कार्य प्रस्तावित होने की सूचना मिली। 28 अप्रैल को जिलाधीश जन्मेजय महोबे से भाजपा नेता एवं पूर्व राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि अखिलेश कोमल पाण्डेय ने सौजन्य भेंट करते हुऐ सीएसआर या अन्य शासकीय मदो के उपयोग एवं जनसहयोग से मॉ हसदेव का कायाकल्प करने हेतु ज्ञापन सौंपा है।

---

### कार्रवाई नहीं होने से व्यापारियों के हौसले हो रहे बुलंद

# सक्ती में ट्रैफिक व्यवस्था ध्वस्त, अतिक्रमण के चलते रोज लग रहा जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

सक्ती में ट्रैफिक व्यवस्था ध्वस्त हो चली है। जिसकी वजह से शहर में अतिक्रमण और अव्यवस्था से रोज जाम लगने की स्थिति बन रही है।

नगर में बढ़ती ट्रैफिक समस्या ने अब विकराल रूप ले लिया है। शहर की लगभग हर मुख्य सड़क पर दिनभर जाम की स्थिति बनी रहती है, जिससे आम नागरिकों का आना-जाना दूभर हो गया है। लोग रोजाना घंटों जाम में फंसे रहने को मजबूर हैं और कई बार मामूली बातों पर विवाद की स्थिति भी बन जाती है। ट्रैफिक इंस्पेक्टर वाय.एन. शर्मा ने इस समस्या के लिए सड़कों पर हो रहे अतिक्रमण को मुख्य कारण बताया है। उनका कहना है कि सड़क किनारे




सडक के बीच बनी जाम की स्थिति।

दुकानदारों द्वारा किए गए कब्जे और दुकानों के सामने ही ट्रक व पिकअप वाहनों से लोडिंग-अनलोडिंग कराने के कारण यातायात बाधित होता है, जिससे जाम की स्थिति बनती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस पर कार्रवाई करना नगर पालिका का दायित्व है और जब तक नगर पालिका सख्ती नहीं दिखाएगी, तब तक समस्या का समाधान संभव नहीं है।शहर के प्रमुख चौराहों, खासकर अग्रसेन चौक के पास रोजाना जाम की स्थिति देखने को मिलती है। यहां सुबह से लेकर शाम तक वाहनों की लंबी कतारें लगी रहती हैं, जिससे आम जनता को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। नगरवासियों का कहना है कि प्रशासन और नगर पालिका की लापरवाही के चलते यह समस्या दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है। यदि जल्द ही ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो आने वाले दिनों में हालात और भी बिगड़ सकते हैं। अब देखना यह होगा कि जिम्मेदार विभाग कब जागते हैं और सक्ती नगरवासियों को इस ट्रैफिक जाम की समस्या से आखिर कब निजात मिलती है। जिससे लोगों को आवागमन में परेशानी होती है।

